ज्वाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

क्रमांक–133

प्रेषक :डॉ. बी.एस. द्विवेदी
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

दिनांक–20.11.2024

किसान स्वयं संकर बीज उत्पादित कर अधिक मुनाफा कमाएं–कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा

जनेकृविवि में सब्जियों में उद्यानिकी फसलों का संकर बीज उत्पादन विषय पर प्रशिक्षण

जबलपुर 20 नवम्बर, 2024। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना ''सब्जियों में उद्यानिकी फसलों का संकर बीज उत्पादन'' के अन्तर्गत कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा के मुख्यआतिथ्य में स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो एफपीओ मैकाल सुता, जबलपुर एवं राजाभोज छिंदवाड़ा के लगभग 40 सब्जी उगाने वाले किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने हाइब्रिड फसलों की महत्ता बताते हुये संकर बीज के उत्पादन को स्वयं किसानों को करने की प्रेरणा दी। साथ ही कहा कि किसान भाई अन्य फसलों के साथ–साथ सब्जियों की खेती करके भी अधिक मुनाफा कमा सकते है, इसके लिये किसानों को कृषि वैज्ञानिकों की समय–समय पर महत्वपूर्ण सलाह लेनी चाहिये।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे ने हाइब्रिड बनाने की तकनीकी जानकारी से अवगत कराया। अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस.के. पांडे ने हाइब्रिड सब्जियों में बढ़ रहे उत्पादन पर प्रकाश डाला साथ ही इसके व्यवसायिक फायदा हेतु किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद करने के लिये अपने विचार प्रस्तुत किये। संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा ने प्रशिक्षण प्राप्त जानकारी का सही प्रकार से उपयोग करने की सलाह दी।

परियोजना प्रभारी डॉ. अखिलेश तिवारी ने खरबुजा, लौकी, भिण्डी एवं बैंगन में हाइब्रिड बनाने की विस्तृत तकनीक की महत्वपूर्ण जानकारी प्रायोगिक रूप से प्रक्षेत्र भ्रमण के दौरान किसानों को प्रदान की।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रजनी शर्मा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अखिलेश तिवारी द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव सहित सभी विभागाध्यक्ष, उद्यानिकी विभाग के समस्त वैज्ञानिक, तकनीकी सहायक एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।